# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.07.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

## मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा रक्षा, निर्यात और राजनीतिक सहयोग में नई ऊंचाईयां छू रहा है देश : आकाशवाणी पर मन की बात में कारगिल शहीदों को भी किया याद।
2. प्रधानमंत्री ने प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 35 करोड़ पौधे लगाए जाने को बताया अद्भूत जनशक्ति : बिजनौर की महिलाओं द्वारा तैयार की गई विदुर चाय का किया जिक्र।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा में उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षकों और उनके आश्रितों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना का किया शुभारंभ : इटावा और मैनपुरी में विकास कार्यों का किया लोकार्पण और शिलान्यास।

और

4. बदायूं में केंद्रीय राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा और पीलीभीत में केन्द्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कासगंज से लखनऊ के ऐशबाग तक चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत रक्षा निर्यात, राजनीतिक सहयोग और मित्र देशों के मामले में लगातार नई उंचाइयां छू रहा है। आकाशवाणी स मन की बात कार्यक्रम में, करगिल विजय दिवस के वीर सैनिकों का स्मरण करते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह दिन देशवासियों को अपने बहादुर सैनिकों के असाधारण शौर्य की याद दिलाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी तकनीकी क्षमता लगातार बढ़ा रहा है।

*रक्षा उत्पादन हो, रक्षा निर्यात हो या मित्र देशों के साथ राजनीतिक सहयोग भारत लगातार नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। इस महीने की शुरुआत में, मैं, इंडोनेशिया में था, जहाँ, ब्रह्मोस और अस्त्र मिसाइलों के लिए एक बड़ा समझौता हुआ है। दुनिया का भरोसा भारत के रक्षा उपकरणों और तकनीक पर बढ़ रहा है।*

देशभर में सात अगस्त को 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये दिन देश के बुनकरों के कौशल और रचनात्मकता के सम्मान का प्रतीक है।

*हथकरघे से बना हर परिधान किसी–न–किसी क्षेत्र, समुदाय और इससे जुड़े असंख्य लोगों की कहानी को सामने लाता है। ये वो लोग हैं, जो गर्व के साथ भारत की सांस्कृतिक विरासत को संजोने में जुटे हैं। आज के दिन मेरा आग्रह है कि हम हस्तकला को प्रोत्साहित कर, अपने बुनकर साथियो का सम्मान करें। आइए, हम वोकल फार लोकल की भावना को और सशक्त करें।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश–भर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के माध्यम से लोग प्रकृति के प्रति अपना दायित्व निभा रहे हैं। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के

तहत यूपी में भी जन–शक्ति का अद्‌भुत संकल्प देखने को मिला है। बाइट....

*एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत यूपी में भी जनशक्ति का अद्‌भुत संकल्प देखने को मिला है। वहां एक ही दिन में 12 जुलाई को 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं। यूपी का सांसद होने के नाते मेरे लिए यह भी विशेष गर्व की बात है।*

प्रधानमंत्री ने बिजनौर जिले के लखी वाला गांव में सेल्फ हेल्फ ग्रुप से जुड़ी महिलाओं के द्वारा तैयार चाय का जिक्र करते हुए कहा कि इस चाय ने सिर्फ स्वाद ही नहीं दिया, बल्कि अनेक बहनों के जीवन में, आत्मनिर्भरता की नई खुशबू भी घोल दी है। बाइट...

*उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के लखीवाला गांव में सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी महिलाओं ने विदुर प्रेरणा स्वदेशी हर्बल टी तैयार की है। इसमें लेमन ग्रास, गिलोय, मुलेठी, तुलसी, कच्ची हल्दी, दालचीनी, इलायची और सौंफ जैसी प्राकृ तिक सामग्रियां शामिल है। अपने अनोखे स्वाद और गुणों की वजह से इस चाय ने बहुत कम समय में लोगों के बीच खास पहचान बना ली। प्रयागराज के महाकुंभ और दिल्ली के इंटरनेशनल फूड फेस्टिवल में इस हर्बल चाय को खूब सराहना मिली। विदेशों से आए लोगों ने भी इसमें दिलचस्पी दिखाई।*

प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस के बारे में बात की।

*15 अगस्त हर भारतीय के लिए गर्व का दिन है। ये उन असंख्य वीरों को याद करने का दिन है, जिन्होंने 'भारत माता' की स्वतंत्रता के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया। उनके त्याग और तपस्या की वजह से आज हमारे हाथ में तिरंगा है। इस तिरंगे में हमारे संविधान के आदर्श हैं। साथियों, पिछले कुछ वर्षों में 'हर घर तिरंगा' अभियान ने पूरे देश को एक अद्‌भुत भावना से जोड़ा है।*

——————————

प्रदेश में पिछले दिनों चलाये गये 'मां के नाम एक पेड़' अभियान की प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम में

सराहना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके प्रति आभार जताया है। श्री योगी ने कहा कि इस अभियान में एक दिन में 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाये जाने का जिक्र पर्यावरण संरक्षण, सामूहिक चेतना और जनभागीदारी की बड़ी सफलता का सम्मान है।

वहीं बिजनौर जिले की महिलाओं के सेल्फ हेल्फ ग्रुप द्वारा हर्बल टी तैयार किये जाने की तारीफ करने पर वहां की महिला सदस्य ने प्रसंनता व्यक्त की है।

बाइट...

*बहुत गौरान्वित महसूस हो रहा है कि हम लोग सोमशांता समूह से जुड़े हैं। जैसे कि मन की बात में प्रधानमंत्री जी ने हमारी विदुरा हर्बल टी के बारे में बात की है। तो इससे लग रहा है कि जैसे जितनी भी सोमशांता समूह की दीदियां हैं उन सब के मन की बात कर दी है। जो प्रोडक्ट्स हैं विदुरा हर्बल टी और या विदुरा से जुड़े हुए और जो प्रोडक्ट्स हैं हमारे उनको एक नेशनल मार्केटिंग मिलेगा और उनको इंटरनेशनल लेवल पे भी जाएगा हमारा प्रोडक्ट। तो हम लोग सभी दीदियां बहुत खुश हैं कि अब हमारे प्रोडक्ट की सेलिंग और बढ़ जाएगी। हमारी आजीविका में और ज्यादा वृद्धि हो जायेगी।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसक साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज आगरा में विश्वविद्यालय शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यक्रम में सीएम ने डेढ़ से 3 करोड़ रूपए तक की एक्सीडेंटल बीमा कवर योजना का भी ऐलान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से विश्वविद्यालय, सरकारी सहायता प्राप्त और निजो कॉलेजों के एक लाख 28 हजार शिक्षकों और उनके पारिवारिकजनों को लाभ मिलेगा। कैशलेस योजना के तहत सभी पात्र परिवारों को हर साल पांच लाख रूपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षक विद्यार्थियों की रूचि के अनुसार उनकी क्षमताओं को निखारने में सक्रिय भूमिका निभायें। श्री योगी न कहा कि बदलते दौर में सोशल और डिजिटल मीडिया के सही उपयोग की जरूरत है।

बाइट.....

*राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने आपके लिए एक प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 12 डिग्री को आप लेने की सामर्थ्य रख सकते हैं और देने की सामर्थ्य रखते हैं। हर शिक्षा के लिए हर छात्र के लिए अनिवार्य किया जाना चाहिए। हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में उसको पारंगत करेंगे। हमें इसकी जानकारी होनी चाहिए। कैसे हम उस फील्ड में अपनी धमाकेदार उपस्थिति के माध्यम से उसको अपने पाठ्यक्रम के अनुरूप समाज के अनुरूप और देश के अनुरूप बना सकते हैं।*

मुख्यमंत्री ने आज मैनपुरी में 682 करोड़ रूपये की 111 विकास परियोजनाओं और इटावा में 604 करोड़ रूपय को

128 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में श्री योगी ने कहा कि भाजपा सरकार में पारदर्शी प्रक्रिया के जरिए युवाओं को बिना किसी सिफारिश और रिश्वत के नौकरी मिल रही है। राज्य में अब तक नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं।

————————

बदायूं जिले के उझानी रेलवे स्टेशन पर केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कासगंज–ऐशबाग एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले रेलवे परिसर में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मीडिया से बातचीत करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री ने बताया कि बीती 13 अप्रैल को दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू की गई थी। अब लखनऊ के लिए नई ट्रेन शुरू होने से व्यापारी, मरीज और छात्रों सहित सभी वर्गों को इसका लाभ मिलेगा। वहीं पीलीभीत के पूरनपुर रेलवे स्टेशन से केन्द्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कासगंज–ऐशबाग एक्सप्रेस ट्रेन को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।

————————

अयोध्या के श्री राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में कल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। जिसमें प्रदेश सरकार जांच

की स्टेट्स रिपोर्ट दाखिल करेगी। इससे पहले सरकार ने नई विशेष जांच टीम–एसआईटी का गठन कर दिया है। इसमें तीन सदस्य हैं। इसकी कमान आईजी लखनऊ रेंज किरण एस. को सौंपी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने 13 जुलाई को मामले की सुनवाई के दौरान आईपीएस अधिकारी की अध्यक्षता में नई एसआईटी गठित करने का आदेश दिया था।

———————————

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश ने वर्ष दो हजार सत्ताइस की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिये व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को अपना आवेदन सम्बन्धित अग्रसारण केन्द्र के प्राधानाचार्य को पांच अगस्त तक देना होगा।

———————————

मौसम विभाग ने कल प्रदेश के पश्चिमी भाग में कई स्थानों पर मेघगर्जन और बिजली के साथ कहीं–कहीं भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं पूर्वांचल में कई इलाकों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बारिश का यह क्रम 31 जुलाई तक जारी रहने की संभावना है। बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बदायूं में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

वहीं लखीमपुर खीरी में शारदा और बाराबंकी में घाघरा के जलस्तर में भी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है।

—————————